शनिवार
30 ,मई , 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 110 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com



# भीषण गर्मी से मिली राहत, बारिश और ठंडी हवाओं ने बदला मौसम



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भीषण गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को शुक्रवार की सुबह बड़ी राहत मिली। सुबह करीब 8:16 बजे अचानक मौसम ने करवट ली और आसमान में घने बादल छा गए। कुछ ही देर में ठंडी हवाएं चलने लगीं तथा हल्की बारिश शुरू हो गई। मौसम के इस सुखद बदलाव से लोगों ने राहत की सांस ली और शहर का वातावरण पूरी तरह बदल गया।

पिछले कई दिनों से पड़ रही तेज धूप और बढ़ते तापमान ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया था। सुबह हुई बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया। लोग अपने घरों की छतों, बालकनियों और बरामदों में खड़े होकर बारिश का आनंद लेते दिखे। बच्चों ने भी बारिश में भीगकर अपनी खुशी का इजहार किया। ठंडी हवाओं के कारण वातावरण में ताजगी महसूस की गई।

बारिश का असर शहर की सड़कों और बाजारों में भी देखने को मिला। तापमान में गिरावट आने से लोगों को गर्मी से काफी राहत मिली। सुबह की शुरुआत ही खुशनुमा माहौल के साथ हुई, जिससे लोगों के चेहरे खिल उठे।इस बारिश से किसानों में भी उत्साह का माहौल है। किसानों का कहना है कि हल्की बारिश खेतों की नमी बनाए रखने में सहायक होगी। धान, सब्जी और दलहन की खेती की तैयारी कर रहे किसानों को इससे फायदा मिलने की उम्मीद है। उनका मानना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह मौसम अनुकूल बना रहा तो कृषि कार्यों को गति मिलेगी।मौसम विभाग के अनुसार प्री-मानसून गतिविधियों के कारण बिहार के कई जिलों में बारिश और तेज हवाओं की संभावना बनी हुई है। अगले कुछ दिनों तक मौसम का यह बदला हुआ मिजाज जारी रह सकता है।

# पहली बारिश में डूबा बिहारशरीफ, नगर निगम के दावों की खुली पोल



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। शुक्रवार को हुई बारिश ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई, वहीं दूसरी ओर शहर की बदहाल जल निकासी व्यवस्था की हकीकत भी उजागर कर दी। मानसून से पहले हुई इस बारिश ने बिहारशरीफ नगर निगम के साफ-सफाई और जल निकासी संबंधी दावों की पोल खोलकर रख दी है।महज कुछ देर की बारिश के बाद ही शहर के कई प्रमुख इलाकों में जलजमाव की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई। सबसे खराब स्थिति रांची रोड स्थित भैसासुर देवी स्थान के समीप देखने को मिली, जहां मुख्य सड़क पर घुटने भर पानी जमा हो गया। जलभराव के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहनों की आवाजाही बाधित हो गई तथा लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा।सड़क पर भरे पानी के बीच पैदल चलने वाले लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ा।

कई स्थानों पर वाहन चालकों को अपने वाहन धक्का देकर निकालते देखा गया। रांची रोड के अलावा धनेश्वर घाट, अंबेर चौक, पुल क्षेत्र और अन्य प्रमुख चौराहों पर भी जलजमाव की स्थिति बनी रही।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर निगम हर वर्ष नाला सफाई और जल निकासी की व्यवस्था को लेकर बड़े-बड़े दावे करता है, लेकिन पहली ही बारिश में उन दावों की वास्तविकता सामने आ गई। नागरिकों का कहना है कि यदि समय पर नालों की सफाई और जल निकासी की प्रभावी व्यवस्था की गई होती तो ऐसी समस्या उत्पन्न नहीं होती।

अब लोगों के बीच यह चिंता बढ़ने लगी है कि जब हल्की बारिश में ही शहर की यह स्थिति है, तो मानसून के दौरान हालात कितने गंभीर हो सकते हैं। शहरवासी नगर निगम से स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं।

# नालंदा में बाढ़-सुखाड़ से निपटने की पूरी तैयारी, उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिया सख्त निर्देश



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा समाहरणालय स्थित हरदेव सभागार में शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री सह जल संसाधन एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति, संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ 2026 की पूर्व तैयारी तथा जिला नागरिक परिषद की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न विकासात्मक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की गई तथा अधिकारियों को योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक की शुरुआत में जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता वाली योजनाओं को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बैठक में ग्रामीण विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, कृषि, सिंचाई, सड़क निर्माण, विद्युत आपूर्ति, सामाजिक सुरक्षा, नगर विकास एवं अन्य विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई। विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित सुझाव भी प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

संभावित बाढ़ 2026 की तैयारी को लेकर बाढ़ नियंत्रण एवं जल निस्सरण प्रमंडल द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि अस्थावां, गिरियक, रहुई, हरनौत, बिंद, करायपरसुराय, हिलसा एवं एकंगरसराय प्रखंडों में विभिन्न नदियों के तटबंधों पर कटाव निरोधक कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं। कई स्थानों पर एएफएस निर्माण, तटबंध पुनर्स्थापन तथा सुरक्षा कार्य भी पूरे कर लिए गए हैं। कुछ योजनाओं पर अभी भी कार्य जारी है, जिन्हें शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया गया।

उपमुख्यमंत्री ने जल संसाधन विभाग को बाढ़ सुरक्षा, नहरों की सफाई, सिंचाई व्यवस्था और जल संरक्षण कार्यों में तेजी लाने को कहा। उन्होंने कहा कि किसानों को पर्याप्त सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सिंचाई प्रमंडल द्वारा बताया गया कि पंचाने, सकरी, लोकाईन, मैरा, कुल्टी एवं अन्य सिंचाई योजनाओं के पुनर्स्थापन का कार्य प्रगति पर है और खरीफ मौसम से पूर्व अधिकांश कार्य पूर्ण कर लिए जाएंगे।

स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान बताया गया कि संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिले में 1247 स्नेक वेनम एंटी सीरम, 8929 एंटी रेबीज वैक्सीन तथा 10 हजार सोडियम डाइक्लोरोआइसोसायन्यूरेट टैबलेट उपलब्ध हैं। अस्पतालों में चिकित्सकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए रोस्टर और मोबाइल नंबर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किए जा रहे हैं। इसके परिणामस्वरूप चिकित्सकों की अनुपस्थिति संबंधी शिकायतों में उल्लेखनीय कमी आई है।

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए अस्पतालों में पैथोलॉजी, एक्स-रे, सीटी स्कैन, अल्ट्रासाउंड, डायलिसिस, ईसीजी तथा अन्य जांच सुविधाओं की जानकारी प्रदर्शित की जा रही है। मई माह में हजारों मरीजों ने इन सुविधाओं का लाभ उठाया। विभाग द्वारा सभी प्रमुख स्वास्थ्य सेवाओं की दैनिक निगरानी भी की जा रही है।

पेयजल व्यवस्था की समीक्षा के दौरान लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने बताया कि बिहारशरीफ प्रमंडल क्षेत्र में 14 हजार से अधिक चापाकल हैं, जिनमें से अधिकांश कार्यरत हैं। मार्च 2026 से अब तक सैकड़ों खराब चापाकलों की मरम्मत कराई जा चुकी है। आपात स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में जल टैंकर और त्वरित कार्रवाई दल भी उपलब्ध हैं। हिलसा प्रमंडल में भी हजारों चापाकलों की मरम्मत की गई है।

बैठक में जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के उपाध्यक्ष मो. मशरूर अहमद जुबैरी, रविशंकर प्रसाद, विधायक हरिनारायण सिंह, विधायक डॉ. जितेंद्र कुमार, विधायक रुहेल रंजन, विधायक कौशल किशोर, नगर निगम महापौर अनीता देवी, जिलाधिकारी कुंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जिला बीस सूत्री की बैठक में जनहित के मुद्दों की गूंज, शैलेन्द्र कुमार ने उठाए कई महत्वपूर्ण प्रश्न



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला समाहरणालय में गुरुवार को जिला बीस सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की समीक्षा की गई तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक में जिला बीस सूत्री समिति के सदस्य एवं भाजपा नालंदा के जिला उपाध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने जिले की कई महत्वपूर्ण समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बिहारशरीफ के इमादपुर स्थित श्मशान घाट की स्थिति में सुधार एवं आवश्यक सुविधाओं की उपलब्धता का मुद्दा उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखा।इसके अलावा भागनबिघा स्थित टाल टैक्स पर स्थानीय निवासियों से शुल्क वसूली की शिकायत का मामला भी उठाया गया। शैलेन्द्रकुमार ने मांग की कि स्थानीय लोगों को बिना शुल्क आवागमन की सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नईसराय क्षेत्र में नल-जल योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं की ओर भी ध्यान आकृष्ट कराया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश देने का आग्रह किया।

बैठक के दौरान जन वितरण प्रणाली से जुड़े मुद्दे भी उठाए गए। शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि कई दुकानदारों को गोदामों से निर्धारित मात्रा से कम वजन का खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे लाभुकों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इस मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की।

उप मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित मामलों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने और जनसमस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिले के कई जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भुगतान नहीं तो काम नहीं! नालंदा के संवेदकों ने सरकार को दी आंदोलन की चेतावनी




चितरंजन कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। ग्रामीण कार्य विभाग से जुड़े संवेदकों ने लंबित भुगतान, बढ़ती निर्माण लागत और विभागीय कार्यशैली के खिलाफ नाराजगी जताते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। गुरुवार को बिहारशरीफ के एक निजी सभागार में नालंदा जिला संवेदक संघ की बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता संघ के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने की।

बैठक में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए संवेदकों ने कहा कि निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद महीनों से भुगतान लंबित है। इससे मजदूरों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य देनदारियों का भुगतान करना मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी छोटे और मध्यम श्रेणी के संवेदकों को हो रही है, जो आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं।

संवेदकों ने आरोप लगाया कि कई मामलों मेंविभाग भुगतान किए बिना ही इकरारनामा विखंडन की कार्रवाई कर रहा है। साथ ही निर्धारित लीज क्षेत्रों में पर्याप्त मात्रा में पत्थर और बालू उपलब्ध नहीं होने से विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर सड़क निर्माण में प्रयुक्त अलकतरा और इमल्शन की कीमतों में भारी वृद्धि से परियोजनाओं की लागत काफी बढ़ गई है।

संघ का कहना है कि बढ़ती लागत और भुगतान में देरी के बावजूद विभाग समय पर कार्य पूरा करने का दबाव बना रहा है। इससे संवेदकों के सामने गंभीर आर्थिक और प्रशासनिक चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

बैठक में प्रफुल्ल कुमार पटेल, राम प्रसाद सिंह, दिलीप वर्मा, प्रेम कुमार सिन्हा, कुमुद रंजन सरकार, डॉ. नरेंद्र विद्यार्थी और रजनीश कुमार समेत कई संवेदक उपस्थित रहे। संघ ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पूरे प्रदेश में चरणबद्ध आंदोलन शुरू किया जाएगा।









# मूसलाधार बारिश में भी नहीं थमा उत्साह, वैश्य समाज ने किया मंत्री श्वेता गुप्ता का भव्य स्वागत



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार की समाज कल्याण मंत्री श्वेता गुप्ता के बिहारशरीफ आगमन पर वैश्य समाज के लोगों ने मूसलाधार बारिश के बावजूद उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पचासा जीरो माइल रोड के समीप शेखपुरा जाने के क्रम में मंत्री का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रीय सूढ़ी समाज के प्रदेश सचिव दिनेश कुमार केसरिया तथा बबलू गुप्ता ने मंत्री श्वेता गुप्ता को बौद्ध स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। स्वागत समारोह में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों और गणमान्य लोगों ने भी उनका अभिनंदन किया।इस अवसर पर मंत्री श्वेता गुप्ता ने कहा कि भारी बारिश के बावजूद सूढ़ी वैश्य समाज के लोगों द्वारा दिए गए स्नेह, सम्मान और आशीर्वाद के लिए वह हृदय से आभारी हैं। उन्होंने कहा कि जनसेवा ही उनकी प्राथमिकता है और समाज के लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या होने पर वे बेहिचक उनसे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूढ़ी समाज के जिला अध्यक्ष सुदीश कुमार, रविशंकर कुमार, अमित कुमार, किशोरी लाल गुप्ता, राजेश कुमार, राजकुमार प्रसाद, कन्हैया लाल, सुमित कुमार, प्रभाकर प्रसाद, हरिवंश प्रसाद, सुनील कुमार, मनीष कुमार गुप्ता, शिवशंकर प्रसाद सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।

मंत्री के स्वागत को लेकर समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# आंधी-बारिश ने बदला मौसम का मिजाज, किसानों की फसल बर्बाद, स्कूल बना तालाब



आर संतोष भारती

कतरीसराय (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को अचानक आई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने मौसम का रुख बदल दिया। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को राहत मिली, लेकिन किसानों के लिए यह बारिश मुसीबत बनकर आई। तेज हवा और बारिश के कारण सब्जियों, मूंग और मकई की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है।

किसानों ने बताया कि खेतों में तैयार खड़ी सब्जियों की फसल आंधी से जमीन पर बिछ गई, जबकि मूंग और मकई की फसल भी प्रभावित हुई है। फसल कटाई और पकने के समय हुई इस बारिश से उत्पादन में कमी आने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है।बारिश के कारण कई स्थानों पर जलजमाव कीस्थिति उत्पन्न हो गई। सबसे अधिक परेशानी प्राथमिक विद्यालय बिलारी में देखने को मिली, जहां विद्यालय परिसर और कक्षाओं में घुटने भर पानी जमा हो गया। जलभराव के कारण पठन-पाठन व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई।


विद्यालय की प्रधान शिक्षिका मनिला कुमारी ने बताया कि राज्य हाईवे-71 के बादी मोड़ से वारसलीगंज जाने वाली सड़क विद्यालय के पास ऊंचाई पर स्थित है। सड़क से ढलान विद्यालय की ओर होने के कारण बारिश का पानी सीधे परिसर में प्रवेश कर जाता है। परिणामस्वरूप हर वर्ष बारिश के दौरान विद्यालय जलमग्न हो जाता है और छात्रों तथा शिक्षकों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से विद्यालय परिसर में जलनिकासी की स्थायी व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस समस्या से निजात मिल सके।









# आपदा पीड़ित परिवारों की मदद को सरकार हर समय प्रतिबद्ध और संवेदनशील



संजय कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने बिहारशरीफ प्रखंड कार्यालय में छज्जू मोहल्ला निवासी मृतक मो. ज़ैद की आश्रित माता हेना प्रवीण को मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। मो. ज़ैद की कुछ दिन पूर्व स्कूल से घर लौटने के दौरान पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार आपदा पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए पूरी तरह कृतसंकल्पित है। उन्होंने कहा कि सरकारी खजाने पर पहला हक आपदा प्रभावित परिवारों का है और सरकार हर दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ी रहती है। उन्होंने पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाते हुए कहा कि बेटे की असामयिक मृत्यु की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन यह सहायता राशि परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करेगी।

मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा पीड़ितों से जुड़े मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रशासन और सरकार हर स्तर पर पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहेंगे।

कार्यक्रम में पूर्व उपमहापौर गुलरेज अंसारी, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, युगल किशोर, मुखिया विश्वास सिंह, संजय प्रसाद कुशवाहा, मंटू कुशवाहा, संजय राम, रंजीत सिंह, अमित यादव, मुन्ना पासवान, वीरू कुशवाहा, प्रमोद यादव, टुनटुन चंद्रवंशी, सकलदीप प्रसाद, इंदू चौहान, दिनेश साव, रविन्द्र कुशवाहा, गुलशन कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# दादा के श्राद्धकर्म के बाद गंगा स्नान बना मातम, 18 वर्षीय काजल की डूबने से मौत



बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा जिले के रहुई थाना क्षेत्र के पुनहा गांव में उस समय मातम पसर गया, जब दादा के श्राद्धकर्म के बाद शुद्धिकरण स्नान के लिए बाढ़ स्थित उमानाथ गंगा घाट गई एक युवती की गंगा में डूबने से मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

जानकारी के अनुसार, पुनहा गांव से करीब 20 से 25 लोग दादा के श्राद्धकर्म के बाद शुद्धिकरण स्नान के लिए उमानाथ गंगा घाट पहुंचे थे। इसी दौरान 18 वर्षीय काजल कुमारी अपनी दो अन्य सहेलियों के साथ गंगा में स्नान करने उतरी। स्नान के दौरान तीनों युवतियां अचानक गहरे पानी में चली गईं और डूबने लगीं।घाट पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दो युवतियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन काजल कुमारी तेज धारा में बहकर लापता हो गई। घटना की सूचना मिलते ही घाट पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवती की तलाश शुरू की गई।

करीब एक घंटे तक चले खोज अभियान के बाद गोताखोरों ने काजल कुमारी का शव नदी से बरामद कर लिया। मृतका की पहचान पुनहा गांव निवासी सीताराम चौधरी की 18 वर्षीय पुत्री काजल कुमारी के रूप में हुई है।

मृतका के पिता सीताराम चौधरी ने बताया कि तीनों युवतियां एक साथ स्नान कर रही थीं। अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वे गहरे पानी में चली गईं। दो युवतियों को तो लोगों ने बचा लिया, लेकिन काजल को नहीं बचाया जा सका।

घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घर में मातम पसरा हुआ है और गांव के लोग शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं। एक धार्मिक अनुष्ठान के बाद शुद्धिकरण स्नान के लिए गया परिवार इस दर्दनाक हादसे के बाद गहरे सदमे में है।




# श्रवण कुमार बोले- शहीद जवानों की कुर्बानी कभी भुलाई नहीं जा सकती



प्रेम कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। एकंगरसराय प्रखंड के महुआबाग गांव निवासी सीआरपीएफ जवान मनीष कुमार के निधन पर बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार उनके पैतृक गांव पहुंचे और शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि देश सेवा में 24 वर्षों तक समर्पित रहने वाले वीर जवान मनीष कुमार का योगदान अविस्मरणीय है। लंबे समय से ब्रेन ट्यूमर से जूझ रहे जवान का मणिपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया था।

मंत्री ने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि शहीद जवानों की कुर्बानी को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि मनीष कुमार ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया है और उनका नाम इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज रहेगा। सरकार शहीद परिवार के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है तथा हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

श्रवण कुमार ने कहा कि बिहार वीरों की भूमि है और यहां के नौजवान देश सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं। शहादत और बलिदान से बड़ा कोई सम्मान नहीं होता। शहीद मनीष कुमार की वीरता आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।इस अवसर पर जदयू नेता सर्वेश प्रसाद, ई. राजन कुमार, सुभाष प्रसाद सिन्हा, नगर अध्यक्ष राकेश कुमार, युवा जदयू अध्यक्ष धीरज पटेल, बृजनंदन प्रसाद, अनिल कुमार, पूनम कुशवाहा, सुनीता यादव, चुन्नू महतो, अमरेन्द्र कुमार, हरेश कुमार, आदित्य कुमार, रजनीश कुमार, कौशल यादव, मुखिया सुनील कुमार, अभिषेक, रिशू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

# तेज आंधी के साथ हुई झमाझम बारिश ,गर्मी से मिली राहत,हरनौत में 31 एमएम बारिश हुई दर्ज






हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड व नपं क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह लगभग पौने नौ बजे से शुरू हुई तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश से मौसम का मिजाज पूरी तरह से बदल गया। जिससे कई दिनों से पड़ रहे उमस भरी गर्मी से लोगों को काफी राहत मिली है। सुबह से ही आसमान में काले बादल छा गए और देखते ही देखते हवा के साथ बूंदाबांदी शुरू हो गई। आमतौर पर जिस समय तेज धूप और गर्मी महसूस होती थी उस समय प्रखंड क्षेत्र में अंधेरा छा गया। फिर तेज बारिश से शुरू हो गई। काले बादलों की वजह से प्रखंड क्षेत्र से गुजरे नेशनल हाईवे 20 और 30 ए पर सुबह में गाड़ियों की लाइट जलाकर लोग सफर करते दिखे। लगभग दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से लोगों को घरों में रहने पर मजबूर कर दिया। हालांकि मौसम विभाग के द्वारा पूर्व में ही भारी बारिश और तेज आंधी एवं ब्रजपात को लेकर रेड अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के अनुसार प्रखंड क्षेत्र में अगले दो-तीन दिन तक तेज हवा के साथ लगातार बारिश हो सकती है लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने और जरूर नहीं होने पर घरों से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी गई है। शुक्रवार की सुबह हुई इस बारिश से प्रखंड क्षेत्र के किसानों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है। किसानों का मानना है कि यह बारिश खेतों में नमी बढ़ने में काफी मददगार साबित होगा

उधर खरीफ की मुख्य फसल धान की खेती की तैयारी एवं लंबी अवधि वाले प्रभेद के बिचड़े गिराने का समय आ गया है।बिरजू मिल्की, द्वारिका बिगहा,सरथा सहित अन्य गांव के किसान धान कि बिचड़ा गिराते भी दिखे। वैज्ञानिकों के अनुसार देरी से तैयार होने वाली प्रभेदों की नर्सरी में बुआई 25 मई से 10 जून तक की जाती है। जैसे राज श्री, मंसूरी, सत्यम, किशोरी, राजेन्द्र मंसूरी, सवर्ती सव-1 आदि प्रभेद है। मध्यम अवधी के किस्मों की बुआई 10 जून से 25 जून तक कर देनी चाहिए। कम अवधी वाले प्रमोदों की नर्सरी 25 जून से 10 जुलाई तक करनी चाहिए।बीएओ ब्रजकिशोर चरण के अनुसार रोहिणी नक्षत्र में खेती किसानों का शुभारंभ माना जाता है। जितना रकवा होता है उसका दस फिसदी हिस्सों में बिचड़ा गिराना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग को वर्षा मापी के लिए दो कर्मियों को मिला है। मगर वर्षा मापी यंत्र न मिला है जिससे वर्षा का रेकॉर्ड बता सके एवं किसानो को जागरूक किया जा सके। वहीं सांख्यिकी विभाग के अनुसार प्रखंड में 31 एमएम वर्षा मापी गई।उधर खेत में मुंग के फ़सल लगाए हुए किसान उदास दिखाई दिया। वहीं हरनौत एवं कल्याण बिगहा बिजली आपूर्ति प्रशाखा के कर्मी बिजली आपूर्ति बहाल करने में जुटे रहे।






# वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार भारतीय खाद्य निगम झारखंड की सलाहकार समिति में सदस्य मनोनीत



पटना (अपना नालंदा)। केंद्र सरकार ने बिहार एवं झारखंड के वरिष्ठ पत्रकार विनय कुमार को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के अंतर्गत भारतीय खाद्य निगम, झारखंड की सलाहकार समिति का सदस्य मनोनीत किया है। यह मनोनयन दो वर्षों की अवधि के लिए किया गया है।

मंत्रालय के अवर सचिव अजय कुमार सिंह द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति के अध्यक्ष गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे हैं। विनय कुमार की नियुक्ति को पत्रकारिता और जनसरोकारों के क्षेत्र में उनके लंबे अनुभव का सम्मान माना जा रहा है।

विनय कुमार पिछले चार दशकों से बिहार और झारखंड की पत्रकारिता में सक्रिय हैं। उन्होंने अनेक दैनिक समाचार पत्रों के साथ-साथ राष्ट्रीय समाचार एजेंसियों यूनाइटेड न्यूज ऑफ इंडिया तथा हिंदुस्थान समाचार में ब्यूरो प्रमुख और विशेष संवाददाता के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभाई हैं।

इसके पूर्व भी वे केंद्र सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, ग्रामीण विकास तथा इस्पात मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों की समितियों में सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने सूरीनाम में आयोजित सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन का भी पत्रकार के रूप में व्यापक कवरेज किया था।

मनोनयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए विनय कुमार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उन पर जताए गए विश्वास पर खरा उतरने के लिए वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे।विनय कुमार बिहार के जमुई जिले के खैरा प्रखंड स्थित खैरा गांव के निवासी हैं। उनके मनोनयन पर पत्रकारिता जगत और शुभचिंतकों ने हर्ष व्यक्त किया है।

# उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र यादव ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं, दिए त्वरित निर्देश



जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। जनता दल (यू) प्रदेश कार्यालय, पटना में शुक्रवार को आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री बिजेंद्र प्रसाद यादव एवं योजना एवं विकास मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने विभिन्न जिलों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं और शिकायतों को गंभीरता से सुना। दोनों नेताओं ने संबंधित मामलों के शीघ्र एवं विधिसम्मत समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

कार्यक्रम में बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन सौंपे, जिन पर त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया।इस अवसर पर मीडिया से बातचीत करते हुए मंत्री भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि पिछले दो दशकों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं के क्षेत्र में व्यापक कार्य हुए हैं, जिनका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है।

श्री कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व और मार्गदर्शन से कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्य सरकार जनहित के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

जनसुनवाई कार्यक्रम को लोगों ने अपनी बात सरकार तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बताया।

# छात्रा छेड़खानी मामले में जन सुराज ने मांगी SIT जांच



जेपी चौधरी

पटना(अपना नालंदा)। पटना के एक होटल में छात्रा के साथ कथित छेड़खानी और सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर लापरवाही के मामले को लेकर शुक्रवार को जन सुराज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल बिहार के डीजीपी से मिला। पार्टी के वरिष्ठ नेता किशोर कुमार मुन्ना और ललन यादव के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की।

मुलाकात के बाद किशोर कुमार मुन्ना ने बताया कि डीजीपी ने मामले की व्यक्तिगत निगरानी करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा तथा जल्द से जल्द साक्ष्य जुटाकर न्यायालय में प्रस्तुत किए जाएंगे।

प्रतिनिधिमंडल ने यह भी आरोप लगाया कि होटल प्रबंधन की ओर से पीड़ित परिवार को धमकाने की कोशिश की जा रही है, जिस पर तत्काल कार्रवाई की मांग की गई है।

जन सुराज ने पांच प्रमुख मांगें रखीं, जिनमें विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन, होटल मालिक व कर्मचारियों की भूमिका की जांच, अवैध गतिविधियों की पुष्टि होने पर होटल का लाइसेंस रद्द करना, पीड़िता एवं उसके परिवार को सुरक्षा प्रदान करना तथा राज्यभर के होटलों का सुरक्षा ऑडिट कराना शामिल है।

ललन यादव ने कहा कि बेगूसराय से परीक्षा दिलाने आई छात्रा के साथ हुई घटना बेहद गंभीर है। उन्होंने दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी और कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि महिलाओं और छात्राओं की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होना चाहिए।

# बिहार में खेल क्रांति हेतु IIT मद्रास से होगा महत्वपूर्ण समझौता



पटना(अपना नालंदा)। बिहार में खेलों के विकास और खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया जा रहा है। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मद्रास के बीच जल्द ही समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने की संभावना है। इसकी जानकारी बिहार राज्य खेल प्राधिकरण के महानिदेशक सह मुख्य कार्यकारी अधिकारी रवीन्द्रण शंकरण ने दी।

उन्होंने बताया कि आईआईटी मद्रास में डॉ. महेश और डॉ. बापजी श्रीनिवासन के साथ विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान रिसर्च पार्क, विभिन्न प्रयोगशालाओं और इंक्यूबेशन सेंटर का दौरा कर खेल एवं स्पोर्ट्स टेक्नोलॉजी से जुड़े नवाचारों का अवलोकन किया गया। विशेष रूप से दिव्यांग खिलाड़ियों के लिए विकसित मल्टी-स्पोर्ट व्हीलचेयर तकनीक ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। यह व्हीलचेयर सीढ़ियां चढ़ने-उतरने और कठिन परिस्थितियों में भी उपयोगी है।

प्रस्तावित समझौते के तहत खिलाड़ियों के लिए परफॉर्मेंस एनालिसिस, इंजरी मैनेजमेंट, इंजरी रिकवरी, टैलेंट स्काउटिंग, डेटा एनालिटिक्स तथा अन्य उन्नत खेल तकनीकों का उपयोग किया जाएगा। ग्रासरूट स्तर से लेकर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों के प्रदर्शन को बेहतर बनाने की योजना है।

बैठक में व्हीलचेयर बास्केटबॉल, पैरा एथलीट्स और ऑटिज्म से जुड़े खिलाड़ियों के लिए तकनीकी सहयोग पर भी चर्चा हुई। यह पहल बिहार में खेल विज्ञान और आधुनिक तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देकर खिलाड़ियों को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# जनता दरबार में 20 मामलों की सुनवाई, डीएम ने त्वरित कार्रवाई का दिया निर्देश




अजीत कुमार

जहानाबाद(अपना नालंदा)। 'सबका सम्मान, जीवन आसान' संकल्प के तहत आयोजित जनता दरबार में आम लोगों की विभिन्न समस्याओं की सुनवाई की गई। इस दौरान अलंकृता पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में 4 आवेदनों की सुनवाई की, जबकि समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में अपर समाहर्ता राजस्व अनिल कुमार सिन्हा एवं अन्य अधिकारियों द्वारा 16 आवेदनों की सुनवाई की गई। इस प्रकार कुल 20 मामलों पर सुनवाई कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों में अतिक्रमण वाद से जुड़े 5 मामले, परिमार्जन से संबंधित 1 मामला, भू-अर्जन भुगतान का 1 मामला, सामाजिक सुरक्षा पेंशन के 2 मामले तथा विद्युत आपूर्ति, जलजमाव एवं अन्य विभागों से जुड़ी शिकायतें शामिल थीं।सुनवाई के दौरान जिला पदाधिकारी ने भूमि विवाद एवं अतिक्रमण से जुड़े मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अंचल पदाधिकारियों को स्थल निरीक्षण कर शीघ्र कार्रवाई करने का निर्देश दिया। वहीं शिक्षा विभाग से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए जिला शिक्षा पदाधिकारी को नियमानुसार त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा गया।जनता दरबार में जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इनमें सुजीत कुमार सिन्हा, रोहित कुमार मिश्रा, विजेता रंजन, संजय कुमार तथा रचना सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।जनता दरबार के माध्यम से प्रशासन ने आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और पारदर्शी व्यवस्था के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

# जहानाबाद नगर परिषद सशक्त स्थाई समिति चुनाव में संजय यादव निर्विरोध निर्वाचित



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। जहानाबाद नगर परिषद की सशक्त स्थाई समिति के गठन को लेकर पिछले कई दिनों से चल रही राजनीतिक सरगर्मी का शुक्रवार को समापन हो गया। चुनाव प्रक्रिया पूरी होने के बाद विभिन्न समूहों के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें कई प्रत्याशियों ने जीत दर्ज कर समिति में अपनी जगह सुनिश्चित की।

चुनाव परिणाम के अनुसार ग्रुप-1 से संजय कुमार यादव निर्विरोध निर्वाचित हुए। वहीं ग्रुप-2 से रश्मि देवी तथा ग्रुप-3 से संजीव कुमार उर्फ बबलू ने अपने प्रतिद्वंद्वियों को भारी मतों से पराजित कर जीत हासिल की। चुनाव परिणाम सामने आते ही समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और विजयी प्रत्याशियों को बधाइयां देने का सिलसिला शुरू हो गया।

चुनाव संपन्न होने के बाद जहानाबाद के अनुमंडल पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारीराजीव रंजन सिंह ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही उन्हें निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए उनकी जीत की औपचारिक घोषणा की।दूसरी ओर, चुनाव में पराजित उम्मीदवारों के समर्थकों ने चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि इसमें साम, दाम, दंड और भेद की नीति का उपयोग किया गया। हालांकि चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत विजयी उम्मीदवारों ने अपनी जीत को जनता और प्रतिनिधियों के विश्वास की जीत बताया।फिलहाल नगर परिषद की सशक्त स्थाई समिति के गठन के साथ ही स्थानीय विकास और जनहित से जुड़े मुद्दों पर नए सदस्यों की भूमिका को लेकर लोगों की अपेक्षाएं बढ़ गई हैं।

# पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनने को एसपी की सराहनीय पहल



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार पहल करने वाली जहानाबाद की पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान ने एक और सराहनीय कदम उठाया है। इस बार उन्होंने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को सुनने और उनके समाधान के लिए पुलिस केंद्र में विशेष "पुलिस सभा" का आयोजन किया।

पुलिस अधीक्षक की अध्यक्षता में आयोजित इस सभा का मुख्य उद्देश्य पुलिस पदाधिकारियों एवं कर्मियों की व्यक्तिगत और सेवा संबंधी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनना तथा उनके त्वरित निराकरण की व्यवस्था करना था। अक्सर पुलिसकर्मी दिन-रात जनता की सुरक्षा और कानून-व्यवस्था बनाए रखने की जिम्मेदारी निभाते हैं, लेकिन उनकी अपनी समस्याएं भी होती हैं। ऐसे में यह पहल पुलिसकर्मियों के लिए राहत और सहूलियत प्रदान करने वाली साबित हो रही है।कार्यक्रम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर एवं घोषी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सभा के दौरान पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान ने सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की शिकायतों एवं समस्याओं को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना।

उन्होंने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समस्याओं के पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही पुलिसकर्मियों के कल्याण और कार्यस्थल पर बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता भी दोहराई।

पुलिस अधीक्षक की इस अनूठी पहल की पुलिस महकमे में व्यापक सराहना हो रही है। पुलिसकर्मियों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजनों से उनकी समस्याओं को उचित मंच मिलता है और उनका मनोबल भी बढ़ता है, जिससे वे और अधिक समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सकते

# जनता दरबार से बढ़ा भरोसा, पुलिस-जनता संबंध हुए और मजबूत



अजीत कुमार

जहानाबाद (अपना नालंदा)। पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान द्वारा आयोजित जनता दरबार आम लोगों के लिए अपनी समस्याएं रखने का प्रभावी मंच बनता जा रहा है। इसी क्रम में आयोजित जनता दरबार में कुल 17 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं पुलिस प्रशासन के समक्ष रखीं।

जनता दरबार में उपस्थित लोगों ने बताया कि अब उन्हें यह विश्वास होने लगा है कि पुलिस उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुन रही है और उनके समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई भी कर रही है। इससे आमजन के मन में पुलिस के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हो रही है। पहले जो दूरी और अविश्वास की भावना थी, वह धीरे-धीरे समाप्त होती दिखाई दे रही है।

पुलिस अधीक्षक अपराजिता लोहान स्वयं प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनती हैं और उसके शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देती हैं। शिकायतों के निष्पादन की नियमित समीक्षा भी की जाती है, जिससे लोगों को न्याय मिलने की उम्मीद मजबूत होती है।

जनता दरबार के माध्यम से पुलिस और जनता के बीच संवाद बढ़ा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी इस दौरान पूरी तरह सजग और मुस्तैद रहते हैं तथा शिकायतों के निष्पादन में सक्रिय भूमिका निभाते हैं।

स्थानीय लोगों का मानना है कि इस पहल से पुलिस और जनता के बीच विश्वास का रिश्ता और मजबूत हुआ है, जिससे कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने में भी सहायता मिल रही है।

# हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष : संघर्ष, चेतना और विकास की गौरवगाथा(30 मई 1826 – 2026)



**लेखक:डॉ शशि भूषण कुमार (वरिष्ठ पत्रकार)**

भारत में हिंदी पत्रकारिता की यात्रा केवल समाचारों के प्रकाशन की कहानी नहीं है, बल्कि यह देश की सामाजिक चेतना, स्वतंत्रता संघर्ष, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनजागरण की ऐतिहासिक यात्रा भी है। 30 मई 1826 को पंडित जुगल किशोर शुक्ल द्वारा कोलकाता से प्रकाशित पहले हिंदी समाचार पत्र "उदन्त मार्तंड" के साथ हिंदी पत्रकारिता का शुभारंभ हुआ। इसी ऐतिहासिक दिन की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 30 मई को हिंदी पत्रकारिता दिवस मनाया जाता है। वर्ष 2026 हिंदी पत्रकारिता के 200 गौरवशाली वर्षों का साक्षी बना है, जो भारतीय मीडिया जगत के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है।

प्रारंभिक दौर और राष्ट्रीय चेतना

हिंदी पत्रकारिता के प्रारंभिक वर्षों में संसाधनों की भारी कमी थी, लेकिन उद्देश्य अत्यंत स्पष्ट था—जनता को जागरूक करना और सामाजिक सुधार को गति देना। उस समय अंग्रेजी शासन के विरुद्ध जनमत तैयार करने में हिंदी समाचार पत्रों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उदन्त मार्तंड, बंगदूत, प्रजामित्र जैसे पत्रों ने भारतीय समाज में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी पत्रकारिता एक सशक्त हथियार बनकर उभरी। पत्रकारों और संपादकों ने अंग्रेजी शासन की नीतियों का विरोध किया तथा जनता में स्वाधीनता की भावना जगाई। अनेक पत्रकारों को जेल जाना पड़ा, समाचार पत्र बंद किए गए, फिर भी पत्रकारिता का यह आंदोलन निरंतर आगे बढ़ता रहा। उस दौर की पत्रकारिता मिशन और समाज सेवा की भावना से प्रेरित थी।

स्वतंत्रता के बाद का विस्तार

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद हिंदी पत्रकारिता ने विकास की नई ऊँचाइयों को छुआ। समाचार पत्रों और पत्रिकाओं का दायरा बढ़ा तथा पत्रकारिता ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँची। रेडियो और बाद में टेलीविजन के आगमन ने सूचना के प्रसार को और अधिक प्रभावशाली बनाया।

समय के साथ पत्रकारिता के विभिन्न स्वरूप विकसित हुए—खोजी पत्रकारिता, संपादकीय लेखन, फीचर लेखन, फोटो पत्रकारिता, डेटा पत्रकारिता और डिजिटल पत्रकारिता। तकनीकी क्रांति ने समाचारों को तत्काल जनता तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त किया। आज मोबाइल फोन और इंटरनेट के माध्यम से हर व्यक्ति तक खबरें कुछ ही सेकंड में पहुँच जाती हैं।

डिजिटल युग और नई संभावनाएँ

वर्तमान समय में हिंदी पत्रकारिता डिजिटल क्रांति के दौर से गुजर रही है। वेब पोर्टल, सोशल मीडिया, पॉडकास्ट, यूट्यूब चैनल और डिजिटल न्यूज़ प्लेटफॉर्म ने पत्रकारिता को व्यापक और प्रभावशाली बना दिया है। आज हिंदी पत्रकारिता केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी अपनी मजबूत पहचान बना रही है।

दुनिया भर में हिंदी भाषा समझने वालों की बड़ी संख्या हिंदी मीडिया के विस्तार का आधार बन रही है। डिजिटल माध्यमों ने युवा पत्रकारों को नई संभावनाएँ दी हैं और आम नागरिक को भी अपनी बात रखने का मंच प्रदान किया है।

चुनौतियाँ और जिम्मेदारियाँ

जहाँ अवसर बढ़े हैं, वहीं चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। फेक न्यूज़, पेड न्यूज़, राजनीतिक ध्रुवीकरण, कॉर्पोरेट दबाव और पत्रकारों की सुरक्षा जैसे मुद्दे आज हिंदी पत्रकारिता के सामने गंभीर प्रश्न बनकर खड़े हैं। सूचना की अधिकता के इस दौर में सत्य और असत्य के बीच अंतर करना कठिन होता जा रहा है।

ऐसे समय में पत्रकारिता की विश्वसनीयता बनाए रखना सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। यदि मीडिया अपने मूल मूल्यों—निष्पक्षता, सत्यता और जनहित—से समझौता करता है, तो समाज में भ्रम और अविश्वास का वातावरण उत्पन्न हो सकता है। इसलिए पत्रकारिता को तकनीकी प्रगति के साथ-साथ मानवीय मूल्यों और नैतिकता का संतुलन बनाए रखना होगा।

निष्कर्ष

हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष संघर्ष, साहस, सामाजिक दायित्व और लोकतांत्रिक चेतना की अमूल्य धरोहर हैं। उदन्त मार्तंड की छोटी सी शुरुआत से लेकर आज के डिजिटल युग तक हिंदी पत्रकारिता ने समाज को दिशा देने, जनमत निर्माण करने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

पत्रकारिता अंधेरे में टॉर्च का काम करती है, बशर्ते सच पर आधारित हो। टीआरपी बढ़ाने की होड़ में तिल को ताड़ और कंकड़ को पहाड़ बनाना उचित नहीं है।

न्यूज़ को न्यूज़ ही रखना चाहिए उसमें व्यूज़ शामिल न हो। वक्ता किस संदर्भ में बोल रहा है यह समझकर ही खबर लिखना चाहिए।

कन्फ़्यूज़न हो तो संबंधित से पूछ लें, लेकिन ब्रेकिंग न्यूज़ के फेर में अर्थ का अनर्थ न करें।

पत्रकारिता लोकतंत्र का हृदय है। ये तो ठीक है कि - 'खींचो न कमानों को, न तलवार निकालो, जब तोप मुक़ाबिल हो, तो अख़बार निकालो' लेकिन ये उचित नहीं कि 'बन के एक हादसा बाज़ार में आ जाएगा, जो नहीं होगा वो अख़बार में आ जाएगा।'

पत्रकारिता केवल एक पेशा नहीं, बल्कि समाज के प्रति उत्तरदायित्व है। यह समाज का दर्पण भी है और मार्गदर्शक भी। यदि हिंदी पत्रकारिता सत्य, निष्पक्षता और जनसेवा के अपने मूल्यों को बनाए रखती है, तो आने वाले समय में भी यह लोकतंत्र की सबसे सशक्त और विश्वसनीय आवाज बनी रहेगी।

*(लेखक- वरिष्ठ पत्रकार, मानवाधिकार टुडे के संपादक, हिंदी साहित्य सम्मेलन वैशाली के अध्यक्ष, विश्व हिंदी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य एवं सार्क जर्नलिस्ट फोरम इंटरनेशनल इंडिया चैप्टर बिहार के अध्यक्ष एवं भारत-मॉरीशस संघ के सचिव हैं)*

# सिलाव में 30 संदिग्ध शिक्षकों के प्रमाण-पत्रों की होगी गहन जांच

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के सिलाव प्रखंड में कार्यरत 30 संदिग्ध शिक्षकों के शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की जांच को लेकर शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। पटना प्रमंडल के क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक राज कुमार ने जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) नालंदा को पत्र जारी कर एक माह के भीतर जांच पूरी कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

क्षेत्रीय शिक्षा उप निदेशक द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (स्थापना) के प्रतिवेदन तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई), नई दिल्ली से प्राप्त सत्यापन रिपोर्ट के आधार पर कई शिक्षकों के प्रमाण-पत्रों को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ है। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि संबंधित शिक्षकों के BETET एवं CTET प्रमाण-पत्रों का विभागीय स्तर पर सत्यापन नहीं कराया गया था।विभागीय जानकारी के अनुसार कुछ शिक्षकों ने स्वयं अपने प्रमाण-पत्रों का सत्यापन कराकर उसी के आधार पर वेतन प्राप्त किया, जो निर्धारित नियमों के विपरीत माना गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए सभी 30 संदिग्ध शिक्षकों के BETET, CTET सहित शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच कराने का निर्देश दिया गया है।पत्र में यह भी स्पष्ट किया गया है कि यदि इन 30 शिक्षकों के अलावा अन्य किसी संदिग्ध शिक्षक को भी वेतन भुगतान किया जा रहा है, तो उनके प्रमाण-पत्रों की भी जांच कराई जाए। जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।शिक्षा विभाग की इस पहल के बाद जिले में फर्जी प्रमाण-पत्र के आधार पर नौकरी कर रहे संभावित शिक्षकों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

# महिला ने मारपीट, प्रताड़ना व जेवरात छीनने का लगाया आरोप

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)।स्थानीय प्रखंड के सरथा गांव के एक पीड़ीता ने अपने पति समेत अन्य पर मारपीट, प्रताड़ना ,घर से निकालने और दहेज़ प्रथा का आरोप लगाया। जानकारी के अनुसार उक्त गांव के निवासी निरंजन कुमार के पुत्री करिश्मा शर्मा की शादी परवलपुर बाजार के निवासी रामदेव ठाकुर के पुत्र सुजीत कुमार नामक युवक से हिन्दु रीति रिवाज के रूप में बीते तीन वर्ष पहले हुई थी।उस समय पांच लाख रुपए,चार भर सोना, फर्नीचर वर्तन सहित अन्य सामान उपहार के रूप में दिया। दोनों करीब दो साल तक साथ रहे।इसके बाद मोटरसाइकिल कि मांग ससुराल पक्ष वाले करने लगे यहां तक घर से भी निकाल दिया। फिर अपने मामा रामभजन शर्मा ( परबलपुर) को सुचना दी। जिसके बाद मायके वाले रामभजन शर्मा ने जानकारी दी। ससुराल वालों को समझाया बुझाया फिर रखने के लिए राज़ीहुए। लेकिन पांच महिने बाद ससुराल वालों फिर मांग करने लगे।घर से पुनः निकाल दिया।फिर मायके पक्ष वाले समझाने बुझाने के लिए उनको भी गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गए। ससुराल वालों ने धमकी दिया कि तुम्हारे बेटी को नहीं रखेंगे।

लगातार प्रताड़ना से तंग आकर

करिश्मा शर्मा ने पूरे मामले की लिखित शिकायत कर कार्रवाई की मांग बिहारशरीफ स्थित महिला थाना के प्रभारी से की है। उन्होंने अपने पति सुजीत,ससुर रामदेव ठाकुर,सास गीता देवी,ननद सोनल एवं अंशू कुमारी पर बुरी तरह से मारपीट करने, दहेज कि मांग करने,सोने के जेवरात छीन लेने व घर से निकालने का आरोप लगाया है।पुलिस आवेदन के आधार पर मामले की जांच में जुट गयी है।

## मानपुर में साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़, दो आरोपी गिरफ्तार

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ(अपना नालंदा)। नालंदा जिले के मानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने साइबर ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी सोशल मीडिया पर फर्जी अकाउंट बनाकर लोगों कोलोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करते थे। पुलिस ने उनके पास से दो मोबाइल फोन और विभिन्न बैंकों के तीन एटीएम कार्ड बरामद किए हैं।

# नवादा पुलिस ने पकड़ा अंतर्राज्यीय चोर गिरोह, छह आरोपी गिरफ्तार




संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। नवादा पुलिस ने बैंक से निकाली गई राशि की चोरी मामले का सफल उद्भेदन करते हुए अंतर्राज्यीय चोर गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपी उड़ीसा के रहने वाले हैं और संगठित तरीके से चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

पुलिस के अनुसार 20 मई 2026 को हिसुआ थाना क्षेत्र के एक व्यक्ति ने बैंक ऑफ इंडिया की हिसुआ शाखा से 3 लाख 10 हजार रुपये निकाले थे। राशि को मोटरसाइकिल की डिक्की में रखकर वह अपने कार्यालय जा रहे थे। इसी दौरान वालियरी स्थित गंगदेव पेट्रोल पंप के पास अज्ञात चोरों ने डिक्की खोलकर पूरी राशि चोरी कर ली थी। मामले में हिसुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच की। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर लगातार छापेमारी कर 28 मई को गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि गिरोह की संलिप्तता अन्य जिलों में हुई चोरी की घटनाओं में भी सामने आई है।

गिरफ्तार आरोपियों के पास से 53 हजार रुपये नकद, दो मोटरसाइकिल, तीन मोबाइल फोन, दो नंबर प्लेट, मास्टर चाभी, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किए गए हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है तथा गिरोह के अन्य सदस्यों और आपराधिक गतिविधियों के संबंध में आगे की जांच जारी है।

# मध्याह्न भोजन अनियमितता पर ग्रामीण नाराज, प्रधान शिक्षिका घिरीं आरोपों में



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। हिसुआ प्रखंड के मध्य विद्यालय नरहतपुर फुलवरिया में प्रधान शिक्षिका रंजू कुमारी पर विद्यालय संचालन में लापरवाही और अनियमितता बरतने के आरोप लगने के बाद ग्रामीणों, अभिभावकों और विद्यालय शिक्षा समिति के सदस्यों में नाराजगी बढ़ गई है। स्थानीय लोगों ने शिक्षा विभाग से मामले की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय में बच्चों को निर्धारित मीनू के अनुसार मध्याह्न भोजन नहीं दिया जा रहा है। बच्चों को नियमित रूप से फल, हरी सब्जी और दाल उपलब्ध नहीं कराई जाती, जिससे उनके पोषण और स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। अभिभावकों का कहना है कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ बच्चों तक सही ढंग से नहीं पहुंच रहा है।इसके अलावा विद्यालय शिक्षा समिति की बैठक नियमित रूप से नहीं होने तथा सचिव के हस्ताक्षर के बिना राशि निकासी किए जाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता बताते हुए जांच की मांग की है।स्थानीय लोगों के अनुसार प्रधान शिक्षिका की विद्यालय में उपस्थिति भी नियमित नहीं रहती, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। समय पर घंटी नहीं बजने, खेलकूद एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों के सुचारु संचालन नहीं होने तथा बच्चों की निगरानी में कमी की शिकायतें भी सामने आई हैं।ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय की व्यवस्था लगातार खराब होती जा रही है, जिससे बच्चों के भविष्य पर असर पड़ रहा है। हालांकि, इस संबंध में प्रधान शिक्षिका रंजू कुमारी का पक्ष समाचार लिखे जाने तक प्राप्त नहीं हो सका था।

# अमन कुमार को श्रद्धांजलि, नारदीगंज चौक की बदहाली पर सवाल



संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। राजगीर मेला में सुनामी झूला से गिरकर जान गंवाने वाले अमन कुमार के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने का सिलसिला लगातार जारी है। शुक्रवार को सांगा न्याय सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व मुखिया कन्हैया कुमार बादल बिक्कू गांव पहुंचे और शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने परिजनों को सांत्वना देते हुए इस दुख की घड़ी में धैर्य बनाए रखने की अपील की।अमन कुमार, ओड़ो पंचायत की पैक्स अध्यक्ष एवं पूर्व मुखिया रीना देवी तथा पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह के पौत्र थे। वह पूर्व पंचायत समिति सदस्य विपिन कुमार सिंह उर्फ सोनू कुमार के पुत्र थे। उनके असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।शोक व्यक्त करने के बाद कन्हैया कुमार बादल ने नारदीगंज बाजार में प्रेस वार्ता भी की। इस दौरान उन्होंने नारदीगंज चौक पर सार्वजनिक शौचालय, यात्री शेड और यूरिनल जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि यह क्षेत्र के लोगों और यात्रियों के लिए गंभीर समस्या है तथा यहां आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने आरोप लगाया कि सांसद, अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागीय अधिकारी इस दिशा में अपेक्षित पहल नहीं कर सके हैं। कन्हैया कुमार बादल ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था नहीं की गई तो गांव-गांव जाकर जन आंदोलन चलाया जाएगा। उन्होंने इसे जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण मुद्दा बताया।

# नवादा में वज्रपात का कहर, तीन घायल, दुधारू गाय की मौत

संजय वर्मा

नवादा(अपना नालंदा)। जिले में शुक्रवार को हुई तेज बारिश और आंधी के दौरान वज्रपात की घटनाओं ने लोगों को दहशत में डाल दिया। नारदीगंज प्रखंड के ओड़ो गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि कौआकोल प्रखंड में वज्रपात की चपेट में आने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार ओड़ो गांव निवासी मंटू यादव (22 वर्ष), उनकी पत्नी डॉली देवी (20 वर्ष) और मां कौशिल्या देवी (65 वर्ष) शुक्रवार सुबह घर की छत पर बने कमरे में बैठे थे। इसी दौरान अचानक आकाशीय बिजली गिर गई, जिसकी चपेट में आकर तीनों गंभीर रूप से झुलस गए। परिजनों और ग्रामीणों की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल नवादा रेफर कर दिया। वर्तमान में तीनों का इलाज एक निजी अस्पताल में चल रहा है और उनकी स्थिति खतरे से बाहर बताई जा रही है।

उधर, बिक्कू गांव में वज्रपात से एक घर में लगे कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए तथा महावीर ध्वजा भी ध्वस्त हो गया।

वहीं कौआकोल प्रखंड के भोरमबाग गांव में टूकन चौधरी की दुधारू गाय बरगद के पेड़ के नीचे बंधी थी। तेज गर्जना के साथ हुए वज्रपात की चपेट में आने से गाय की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका बछड़ा सुरक्षित बच गया। घटना से पशुपालक परिवार को भारी आर्थिक क्षति पहुंची है।